भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भा.वि.प्रा. के नाम पर धोखाधड़ी वाली नौकरी की पेशकश से सावधान रहें

नई दिल्ली, 13 नवंबर, 2023: हाल के दिनों में मिलीं भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) में फर्जी नौकरी प्रस्तावों के संबंध में देश भर से ईमेल, सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य माध्यम से कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

ऐसा देखा जाता है कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भा.वि.प्रा.) द्वारा संचालित भर्तियों को लेकर निम्नलिखित गलत सूचनाएं सोशल मीडिया पर प्रसारित की जाती हैं:

- रिक्तियों की संख्या,
- प्रश्नों की कुंजी, परीक्षाओं की संभावित तिथि,
- परीक्षा परिणाम प्रकाशन की संभावित तिथि,
- परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं,
- भुगतान के लिए नौकरियों का वादा करना आदि।

जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी गलत सूचनाओं का शिकार न बनें। सही जानकारी के लिए जनता को केवल भा.वि.प्रा. की वेबसाइट अर्थात् www.aai.aero पर जाने की सलाह दी जाती है। अगर कोई सोशल मीडिया पर गलत सूचना का शिकार होता है तो भा.वि.प्रा. उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

साथ ही, सभी आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन पंजीकरण के समय ही देय होंगे भर्ती के किसी भी चरण में अन्य भुगतान नहीं मांगे जाते हैं। ऐसे संवेदनशील व्यक्तिगत/वित्तीय जानकारी और नौकरी की पेशकश के लिए भुगतान शरारती तत्वों द्वारा भी मांगे जाते हैं।

इस नोटिस के द्वारा, सभी संबंधितों को सावधानी बरतने के लिए अवगत कराया जाता है और सलाह दी जाती है कि वे ऐसे झूठे विज्ञापनों से गुमराह न हों। भा.वि.प्रा. किसी भी तरह से किसी भी तरह से ऐसे बेईमान तत्वों की कार्रवाई से होने वाली हानि/या क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

निगमित संचार निदेशालय, भा वि प्रा द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: जीएम (सीसी)
011-24622787 प्रेस विज्ञप्ति संख्या 25/2023-24